भरोसा रख माता रानी पे

तेरे भाग्य के चमकेंगे तारे, पूरे होंगे सवाल तेरे सारे,
भरोसा रख माता रानी पे।
क्यूँ डरता है देख के अँधेरा, आजायेगा रे ख़ुशी का सवेरा,
भरोसा रख माता रानी पे॥

जो भी लोग चड़ते हैं भक्ति के रथ पे,
मुश्किलें ही मुश्किलें हैं उनके पथ पे।
तेरी आस्था को वो आजमाएगी,
तुझे मंजिल पे वोही पहुंचाएगी,
भरोसा रख माता रानी पे॥

तेरे आस पास है माँ तुझ से ना दूर वो,
आज नहीं कल तेरी सुनेगी जरूर वो।
दुःख हरती वो सारे ही जहां का,
दिल पत्थर नहीं होता कभी माँ का,
भरोसा रख माता रानी पे॥

शेरो वाली माँ के लाल शेर ही हैं होते,
हस्ते मुसीबतों में डरते ना रोते।
प्यासी आत्मा को जल वोही देगी,
सहनशक्ति व फल वोही देगी,
भरोसा रख माता रानी पे॥

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/604/title/bharosa-rakh-mata-rani-pe

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |